# वार्षिक प्रतिवेदन

अधिष्ठाता छात्र कल्याण 1 जुलाई 2010 से 30 जून 2011

अधिष्ठाता छात्र कल्याण शाखा द्वारा विश्वविद्यालय से संपर्क स्थापित करने वाले विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग एवं महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं तथा अभिभावकों को वांछित जानकारी प्रदान की जाती है। प्रत्येक साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना। विश्वविद्यालय परिसर में छात्र–छात्राओ की समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित कार्यवाही करना तथा उनके प्रति सहयोगात्मक भाव रखना छात्र कल्याण शाखा का इतिहास रहा है। वर्तमान में छात्र कल्याण शाखा में अधिष्ठाता के पद पर प्रो0 एस0वी0एस0 चौहान पदस्थ हैं।

### स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में विधि विधान से किया गया। ध्वजा रोहण के पश्चात माननीय कुलपति जी ने अपना उद्बोधन उपस्थित शिक्षक,अधिकारियों,कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं के बीच दिया। कार्यक्रम पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। प्रशासनिक भवन के पश्चात बालक एवं बालिका छात्रावासों में भी कुलपति जी द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। साथ ही वृक्षारोपण का कार्यक्रम छात्रावास में संपन्न हुआ।

प्रति वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्चतर शिक्षा विभाग शास्त्री भवन नई दिल्ली के पत्र अनुसार राजपथ में आयोजित गणतंत्र दिवस पर परेड में प्रधान मंत्री के बाक्स में उनके साथ बैठकर परेड देखने हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में प्रावीण्य सूची के छात्र–छात्राओं के नाम पूर्ण विवरण सहित प्रेषित किये गये।

### छात्र संघ गठन

छत्तीसगढ़ राज्य के विश्वविद्यालयों में शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये महाविद्यालयों के अध्ययनरत छात्र–छात्राओं में विद्यार्थी जीवन से ही नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से छात्र संघ गठन कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। समन्वय समिति द्वारा स्वीकृत अध्यादेश क्रमांक एक की प्रतियां एवं अधिसूचना इस शाखा द्वारा महाविद्यालयों को उपलब्ध कराई गई। जिसके अनुसार महाविद्यालयों में गठन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इसके साथ ही गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के केन्द्रीय विश्वविद्यालय में उन्नयन उपरान्त विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग हेतु पृथक अध्यादेश के अंतर्गत विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया(विवरण संलग्न)

### शिक्षक दिवस का आयोजन

5 सितम्बर 2010 को डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस का आयोजन विश्वविद्यालय शिक्षण में किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री शेखर दत्त जी के मुख्य आतिथ्य एवं माननीय डा. लक्ष्मण चतुर्वेदी जी की अध्यक्षता में एक परिचिर्चा का आयोजन किया गया जिसमें बालक प़क्ष में लीलाधर चंद्रा प्रथम,मारूति नंदन द्वितीय, दीपक कुमार तृतीय रहे। तथा बालिका प़क्ष में कु0पारूल कौशिक प्रथम,कु0 ऋतु दीक्षित द्वितीय एवं निकिता जकरिया तृतीय रहीं। समस्त प्रतियोगियों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र दिये गये।

## गांधी जयन्ती पर भाषण प्रतियोगिता

गांधी जयन्ती के अवसर शिक्षण विभाग एवं संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अपूर्वा चतुर्वेदी बायोटेक्नालाजी प्रथम, विनोद बेक शिक्षा विभाग द्वितीय एवं श्री प्रमोद सिंह बी.फार्मा तृतीय रहे। इन प्रतियोगियों पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र दिये गये।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन

विश्वविद्यालय द्वारा मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्म दिवस 11 नवम्बर 2010 को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षण विभाग के अनेक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाया इस प्रतियोगिता में कु0 अपूर्वा चतुर्वेदी, बायोटेक्नालाजी प्रथम, कु0 हरनीत कौर काला ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग द्वितीय, एवं श्री विनोद बेक शिक्षा विभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र,अबुल कलाम आजाद के जीवन पर आधारित पुस्तक के साथ ही 2500/–2000/–एवं1500/–रू0की राशि नगद प्रदान की गई।

## गुरू घासीदास जयंती एवं कुल उत्सव

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित गुरू घासीदास जयंती एवं कुल उत्सव पर आयोजित पंथी नृत्य,वाद–विवाद,निबंध एवं प्रश्न मंच विधाओं का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के साथ साथ संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भी भागलिया।वाद–विवाद विधा में विजेता प्रमोद सिंह बी. फार्मा विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, उप विजेता चंद्र शेखर पटेल बी.एड., मौलाना आजाद शिक्षा महाविद्यालय बिलासपुर रहे। निबंध प्रतियोगिता में विजेता कु. शेरांगिनी ठाकुर बी.ए. महात्मा गांधी शासकीय महाविद्यालय खरसिया एवं उप विजेता कु. पूजा सिंह एम.एम.सी.जे. विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग रहीं। प्रश्न मंच में विजेता विजय बेसर एवं रोहिताश्व सिंह विधि खंड अंतिम कौशलेन्द्र राव विधि महाविद्यालय बिलासपुर तथा उप विजेता प्रमोद सिंह एवं मयंक सिंह बी. फार्मा विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग रहे। पंथी नृत्य प्रतियोगिता में विजेता एस.एन.जी. महाविद्यालय मुंगेली तथा उप विजेता शासकीय जे.एम.पी.महाविद्यालय तखतपुर रहे। सभी विजयी प्रतियोगियों को रनिंग शील्ड एवं प्रमाण पत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय धरम लाल कौशिक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधान सभा, माननीय श्री अमर अग्रवाल स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, माननीय श्री पुन्नू लाल मोहले खाद्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, माननीय बद्रीधर दीवान अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास एवं माननीय डा. कृष्ण मूर्ति बांधी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के द्वारा वितरित किये गये।

## स्थापना दिवस

गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय का द्वितीय स्थापना दिवस 15.1.2011 को भव्य रूप में मनाया गया जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षण विभाग के साथ ही साथ संबद्ध महाविद्यालयों एवं स्कूली छात्र–छात्राओं को भी सम्मिलित किया गया। स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक एवं साहित्यक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया साथ ही प्रादर्श प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त दोनों विधाओं में विजयी प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।

## गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर जयन्ती

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर जी के 150वें जन्म दिवस पर विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संकाय स्तर पर विविध विधाओं विधाओं के विभिन्न कार्यक्रमों चित्रकला,भाषण प्रतियोगिता एवं गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर जी के विचारों की प्रासंगिकता पर आयोजित गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस अवसर भारतीय रेल विभाग द्वारा बिलासपुर रेल्वे स्टेशन में चलित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था जिसमें विश्वविद्यालय के अनेक विभागों के छात्र–छात्राओं ने वहां जाकर लाभ उठाया।

## निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान एवं विश्वविद्यालय की संगठन व्यवस्था में सहकारिता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अनेक विभागों एवं महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया जिसमे प्रथम कु0 भावना राठौर पंडित हरिशंकर शिक्षा महाविद्यालय जांजगीर एवं द्वितीय कु0 अर्चना भारद्वाज शासकीय माता शबरी कन्या महाविद्यालय बिलासपुर रहीं। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित समस्त प्रतियोगियों को उक्त संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र एवं प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतियोगियों को प्रमाण–पत्र के साथ क्रमशः 800/–रू0 एवं 600/–रू0 की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रेषित की गई।

## रेल्वे रियायत पन्नी वितरण संबंधी

विश्वविद्यालय में न केवल स्थानीय बल्कि प्रादेशिक एवं देश के विभिन्न प्रांतों से छात्र–छात्राएं आकर अध्ययन करते हैं। विभिन्न प्रांतो से आये छात्र–छात्राओं को अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार घोषित अवकाश में उन्हें उनके गृह नगर जाने एवं शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले छात्र–छात्राएं अथवा उनके सामूहिक रूप से भी रियायत पनी प्रदाय की जाती है। इसके अतिरिक्त मासिक पन्नी की सुविधा भी उन्हें गृह नगर से प्रतिदिन आने– जाने बाबत प्रदान की जाती है।

## बस संचालन संबंधी

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं तथा कर्मचारियों के आने–जानेके लिये पांच विश्वविद्यालयीन बसों का संचालन संबंधी कार्य इसी शाख के माध्यम से किया जाता है। साथ ही जिला प्रशासन के सहयोग से भी नगर बस का संचालन नगर के रेल्वे स्टेशन से लकर विश्वविद्यालय के परिसर तक किया जा रहा है।

## कुलपति जी की विशेष अनुमति से प्रवेश संबंधी

सत्र 2010–11 में घोषित प्रवेश के मार्ग दर्शक सिद्धांत के अनुसार महाविंद्यालयों एवं शिक्षण विभाग में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जुलाई तक ही निर्धारित की गई थी जिसे मार्ग दर्शक सिद्धांत के अनुसार 1 अगस्त से 14 अगस्त 2010 तक कुलपति जी की विशेष अनुमति से प्रवेश देने का विशेषाधिकार प्राचार्य को दिये जाने संबंधी पत्र समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो एवं समस्त विभागाध्यक्षों को प्रेषित कया गया। साथ ही पुनर्मूल्यांकन में उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश के मार्ग दर्शक सिद्धांतों के आधार पर प्रवेश दिये जाने संबंधी पत्र को प्रेषित किया गया।

**साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन**

शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही छात्रो को साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अभिरूचियों की अभिव्यक्ति हेतु समुचित अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से समस्त अध्ययन शालाओं में पृथक–पृथक सांस्कृतिक/साहित्यिक समन्वयकों का नामांकन किया गया। समस्त समन्वयकगणों द्वारा समय–समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण के संयोजकत्व में किया गया।

**छात्र क्रिया कलाप केन्द्र**

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के मनोरंजन हेतु रजत जयंती सभागार के उपरी हिस्से छात्र क्रिया कलाप केन्द्र की स्थापना की गई है। जिसमें वृहद आकार का टी.वी, साउंड सिस्टम, कैरम, शतरंज,टेबल टेनिस इत्यादि की व्यवस्था छात्र–छात्राओं के मनोरंजन हेतु की गई है। विश्वविद्यालयीन छात्र–छात्राएं अपने खाली समय में आकर यहां अपना भरपूर मनोरंजन करते हैं।

**आवेदन पत्रों का वितरण**

छात्र कल्याण शाखा द्वारा महाविद्यालय एवं शिक्षण विभाग में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं एवं अभिभावकों को पुनर्मूल्यांकन,उपाधि,अंक सूची की द्वितीय प्रति, प्रवजन प्रमाण पत्र, देय–अदेय प्रमाण एवं स्थानान्तरण प्रमाण पत्र के आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध कराये जाते है। विश्वविद्यालय की व्यवस्था के अंतर्गत छात्र हित को ध्यान में रखते हुए पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र चालान पत्रक महाविद्यालयों को उपलब्ध कराये जाने हेतु आवेदन पत्र एवं चालान पत्रक प्रेषण की व्यवस्था इस शाखा द्वारा की गई।

**प्रो0 एस0वी0एस0चौहान**
**अधिष्ठाता छात्र कल्याण**